संजीवनी टुडे
SAMAY KE SATH BADHTA AKHABAR

ईट राइट इण्डिया का संदेश लेकर आयी स्वस्थ भारत यात्रा

संजीवनी टुडे 22-12-2018 19:06:29

भीलवाड़ा। जिले में ईट राइट इण्डिया थीम के आधार पर आमजन को स्वस्थ भोजन, सुरक्षित भोजन करने के साथ ही थोडा कम-थोडा कम-तेल, नमक, चीनी, थोडा कम संबंधी स्वास्थ्य जागरूकता की अलख जगाने आई ''स्वस्थ भारत यात्रा'' के कार्यक्रम का आज शनिवार को समापन हुआ।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गजेंद्र सिंह राठौड़ और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेसी जीनगर व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मुस्ताक खान सहित पदाधिकारियों ने आज प्रातः आगामी यात्रा के लिए एनसीसी के साईकिल सवार दल को हरी झंडी दिखाकर विजय नगर के लिए रवाना किया।

इस मौके पर जिला आरसीएच अधिकारी डॉ सीपी गोस्वामी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनन्द चैधरी, एनसीसी कमांडेड राजेंद्र यादव सहित चिकित्सा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे गौरतलब है कि स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की ओर आयोजित स्वस्थ भारत यात्रा द्वारा जिले में 20 दिसंबर से तीन दिवसीय यात्रा के दौरान जिले में प्रभात फेरी सहित स्वास्थ्य जागरूकता के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।
इस कार्यक्रमों में ईटिंग हैल्दी, ईटिंग सेफ, ईटिंग फोर्टीफाईड, नो फूड वेस्ट, सायक्लिंग और ब्रिस्क वोकिंग जैसी आदतों को जीवन में शामिल किए जाने का सन्देश दिया गया। दैनिक जीवन में नमक, चीनी और तेल का कम से कम इस्तेमाल करने का सन्देश देती स्वस्थ भारत यात्रा के प्रति स्थानीय लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।